# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद , भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 - 2559943
Fax No. : 0755 - 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक/एस.ओ.एस./परीक्षा/2014/1642 भोपाल, दिनांक 01/11/2014

प्रति,

केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य,
शा. उ.मा.वि. ..............................
....................................................
जिला .............................. (म.प्र.)

विषय : परीक्षा केन्द्र पर समुचित व्यवस्था एवं व्यवस्थित रूप से परीक्षा संपादित कराने बाबत्।

--------//X//---------

कृपया म.प्र. राज्य ओपन स्कूल की परीक्षा दिनांक 15/11/2014से प्रारंभ हो रही है परीक्षा सम्पादित करने हेतु निम्नानुसार बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना है :-

1. परीक्षा की समय सारणी संलग्न है तदनुसार दिनांक 15/11/2014 से 04/01/2015 तक आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्रों के पैकेट्स पर अंकित तिथि व दिन को संलग्न समय सारणी के अनुसार परीक्षा सम्पन्न कराई जानी है।
2. उक्त समय सारणी की एक प्रति थाने में भी प्रश्न पत्रों के साथ रखकर यह सुनिश्चित कर ले कि थाने से निकाले जाने वाला प्रश्न पत्र का पैकेट समय सारणी में दर्शित तिथि व विषय अनुसार हो। केन्द्राध्यक्ष स्वंय भी प्रश्न पत्र पैकेट्स पर हस्ताक्षर एवं खोलने से पूर्व प्रश्न पत्र के विषय का मिलान समय सारणी से करना सुनिश्चित करें। प्रश्न पत्र पैकेट्स पर तिथि व दिन अंकित होने के कारण विशेष व पूर्ण सावधानी रखी जानी आवश्यक है।
3. परीक्षा केन्द्र पर बिठाये गये परीक्षार्थियों की संख्या एवं आपके द्वारा प्रेषित मांग के अनुरूप प्रश्न पत्र आपको उपलब्ध कराये गये है। किसी विषय विशेष के प्रश्न पत्र की संख्या कम होने पर संकलन केन्द्र से पूर्ति जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं अनुमति से करें।
4. निर्धारित संकलन केन्द्र पर उ.पुस्तिकाएं यथा सम्भव परीक्षा की तिथि को ही बंडल सील्ड कर जमा कराये जाये। दूरस्थ परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा समाप्ति पश्चात् उत्तर पुस्तिकाओं का बंडल थाने में सुरक्षित रखें एवं संकलन केन्द्र पर प्रथम चरण गार्ड की अभिरक्षा में 13/12/14 तक संपन्न परीक्षा की अमूल्यांकित उ. पु. संकलन केन्द्र पर जमा करावें एवं द्वितीय चरण में गार्ड की अभिरक्षा में 05/01/2015 को शेष समस्त परीक्षाओं की अमूल्यांकित उ.पु. संकलन केन्द्र पर जमा करावें अथवा म.प्र. राज्य ओपन स्कूल के निर्देशानुसार नियत स्थान पर जमा कराये।
5. वीक्षकों के लिए मानदेय मण्डल द्वारा निर्धारित दर अनुरूप ही रखा गया है, तदनुसार प्रेषित राशि में से भुगतान सुनिश्चित करें। प्रेषित राशि कम होने पर पृथक से मांग पत्र पूर्ण विवरण सहित तत्काल इस कार्यालय को भेजा जाना होगा।
6. परीक्षा केन्द्र पर बैठने वाले परीक्षार्थियों की संख्या अनुरूप चैकलिस्ट मय रोल नम्बर, डाकेट "ख" मय रोल नम्बर, उपस्थिति पत्रक आपकी ओर भेजे जा रहे हैं साथ ही म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद् की बेवसाइट **www.mpsos.nic.in** पर भी अपलोड किए जा रहे हैं जिससे आवश्यकतानुसार सामग्री प्राप्त न होने की स्थिति में डाउनलोड कर प्रिंट किए जा सकते हैं।
   अतः आप उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
7. यदि किसी केन्द्र में आवश्यकता से अधिक प्रश्न पत्र/उत्तर पुस्तिकाएँ पहुँच गई हों, तथा जिले के ही किसी अन्य केन्द्र में आवश्यकता हो तो ऐसा करने की स्वीकृति इस कार्यालय से प्राप्त कर जिले में ही समायोजन करें। यदि इसके उपरांत भी जिले में अतिरिक्त प्रश्न पत्र/उत्तरपुस्तिकाएँ शेष बचें तो उन्हें इस कार्यालय को वापस करने का कष्ट करें।

संचालक
म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्, भोपाल

पृ.क्र./एस.ओ.एस./परीक्षा/2014/ भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपि :-

01. कलेक्टर, जिला - ..................... की ओर सूचनार्थ।
02. पुलिस अधीक्षक, जिला - ......................... की ओर सूचनार्थ।
03. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. ...................... की ओर सादर सूचनार्थ।
04. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला - ................ की ओर सूचनार्थ।

संचालक

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद , भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 - 2559943
Fax No. : 0755 - 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक/एस.ओ.एस./परीक्षा/2014/1644 भोपाल, दिनांक 01/11/2014

प्रति,

केन्द्राध्यक्ष / प्राचार्य
शा.........................................
...............................................
...............................................

विषय :- प्रतिदिन की परीक्षा रिर्पोट से म.प्र. राज्य ओपन कार्यालय को सूचित करने विषयक।

आप परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के रुप में परीक्षा संचालन का दायित्व निर्वहन कर रहे है। परीक्षा संचालन की दैनिक जानकारी आप के माध्यम से म.प्र. राज्य ओपन स्कूल को भेजा जाना अनिवार्य है। आपके परीक्षा केन्द्र पर तिथिवार सम्पन्न होने वाली परीक्षाओं की रिर्पोट निम्न संलग्न प्रारुप में परीक्षा प्रारभं होने के एक घंटे पश्चात् Fax के माध्यम से म.प्र. राज्य ओपन स्कूल कार्यालय को आप भेजें। Fax No - 0755 -2552106 एवं Control Room के दूरभाष क्रमाकं 0755 - 2559943 पर विषयवार पृथक – पृथक प्रवेशित एवं पूरक की दर्ज छात्र संख्या, परीक्षा में उपस्थित संख्या, अनुपस्थित परीक्षार्थी संख्या नोट करायेगें।

संचालक
म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्,
भोपाल

## प्रारुप

| क्र. | जिला | केन्द्र क्रमांक | स्कूल का नाम | विषय में दर्ज संख्या | उप.छात्र संख्या | अनु. छात्रों की संख्या | अनु.छात्रों के अनुक्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षा केन्द्राध्यक्ष
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्,
भोपाल

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद , भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 - 2559943
Fax No. : 0755 - 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक/एस.ओ.एस./परीक्षा/2014/1645 भोपाल, दिनांक 01/11/2014

प्रति,

प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष
समस्त (म.प्र.)

विषय : प्रायोगिक परीक्षा हेतु ओ.एम.आर. शीट का उपयोग।

म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा माह नवम्बर 2014 में आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रायोगिक परीक्षा हेतु विषयवार ओ.एम.आर. शीट भेजी जा रही है। प्रायोगिक परीक्षाओं के विषयवार अंक ओ.एम.आर. शीट पर ही अंकित किये जाने हैं। जो अनुक्रमांक ओ.एम.आर. शीट पर अंकित नहीं हैं उनके अंक पृथक से कोरी अंकतालिका में प्रविष्ट कर ओ.एम.आर. शीट के लिफाफे में ही सील्ड कर प्रेषित करें। ओ.एम.आर. शीट पर अंकित निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जावे तथा साथ में प्रेषित A-4 साईज के लिफाफे का उपयोग ई.पी. व डी.पी. लिफाफों के रूप में किया जावे। किसी भी स्थिति में ओ.एम.आर. शीट को मोड़ा ना जावे। यदि ओ.एम.आर. शीट के स्थान पर प्रायोगिक अंक नेट के माध्यम से प्राप्त करने की व्यवस्था होगी तब प्रायोगिक विषयों के अंक नेट के माध्यम से आर.पी.सी. को भेजेंगे एवं उसकी एक Soft Copy एवं एक हार्ड कापी केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर पदमुद्रा सहित इस कार्यालय को स्पीड पोस्ट से भेजेंगे।

संचालक
म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्, भोपाल

पृ.क्र./ एस.ओ.एस./परीक्षा/2014/ भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपिः-

1. कलेक्टर जिला ....................................................... म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
2. संयुक्त संचालक लोकशिक्षण संभाग ................................. को सूचनार्थ।
3. ज़िला शिक्षा अधिकारी, जिला ........................ की ओर आवश्यक कार्रवाई हेतु।

संचालक
म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्, भोपाल

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद , भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 - 2559943
Fax No. : 0755 - 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक/एस.ओ.एस./परीक्षा/2014/1647 भोपाल, दिनांक 01/11/2014

प्रति,

(1) कलेक्टर (समस्त)
जिला ..................... (म.प्र.)

(2) सम्भागीय संयुक्त संचालक (समस्त)
लोक शिक्षण संभाग ..................... (म.प्र.)

(3) जिला शिक्षा अधिकारी (समस्त)
जिला ..................... (म.प्र.)

विषय : परीक्षा केन्द्र का निर्धारण।

कृपया म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद की परीक्षा दिनांक 15/11/2014 से प्रारंभ हो रही है। जिसके लिए परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया जा चुका है।

उक्त परीक्षा केन्द्र निर्धारण हेतु प्रस्ताव जिला कलेक्टर के माध्यम से माह अगस्त 2014 में चाहे गये थे। समय समय पर प्रस्ताव में शाला की बैठक क्षमता की भी जानकारी चाही गई थी। जिसके आधार पर परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। वर्तमान निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के मान से एवं आवश्यक्तानुसार सभी प्रकार की परीक्षा एवं गोपनीय सामग्री भी परीक्षा केन्द्रों को भेजी जा रही है। साथ ही परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र भी म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद की बेवसाइट **www.mpsos.nic.in** पर डाले जा रहे हैं। इन परीक्षाओं हेतु हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी हेतु एक समान उत्तरपुसितकाएँ उपयोग की जाना है किन्तु हाईस्कूल एवं हायर सकेण्डरी परीक्षाओं हेतु उपयोग की जाने वाली उत्तरपुस्तिाओं पर निम्नानुसार पृथक-पृथक सील लगाना अनिवार्य है।

| | |
|---|---|
| **हस्ता/सील** | **हस्ता/सील** |
| **केन्द्राध्यक्ष** | **केन्द्राध्यक्ष** |
| ...............वि. .......................जिला........... | ..............वि. .................जिला................... |
| प. के. क्र. ................ हाईस्कूल परीक्षा 2014 | प. के. क्र. ................ हा.से.स्कूल परीक्षा 2014 |

अतः उक्तानुसार आवश्यक होने पर समुचित कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

संचालक
म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्, भोपाल

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद , भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 - 2559943
Fax No. : 0755 - 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक/एस.ओ.एस./परीक्षा/2014/1648 भोपाल, दिनांक 01/11/2014

प्रति,

केन्द्राध्यक्ष / प्राचार्य,
परीक्षा केन्द्र शा. ........................ उ.मा.वि.,
..........................................................................
..........................................................................
जिला ............................................ (म.प्र.)

विषय : परीक्षा माह नवम्बर– 2014 हेतु परीक्षा केन्द्र निर्धारण एवं उत्तर पुस्तिका का प्रेषण ।

म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद् भोपाल की आयोजित होने वाली परीक्षा दिनांक 15/11/2014 में उपयोग की जाने वाली उत्तर पुस्तिकाएँ आपके केन्द्र पर ट्रान्सपोर्ट (ट्रक)/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजी जा रही है संकलन केन्द्र सें 12/11/2014 तक उत्तर पुस्तिकाएँ एवं अन्य परीक्षा सामग्री आवश्यकरूप से प्राप्त करे एवं प्राप्त सामग्री की जाँच करें यदि कोई भी सामग्री की कमी है या परीक्षा के दौरान प्रपत्र आदि की आवश्यकता होती है तब केन्द्राध्यक्ष अथवा उनके प्रतिनिधि सहायक केन्द्राध्यक्ष जिले के संकलन केन्द्र से प्राप्त करेंगे। दिनांक 12 /11/ 2014 तक आपको उ.पु. एवं अन्य परीक्षा सामग्री अप्राप्त होने की दशा में आप म.प्र. राज्य ओपन स्कूल, भोपाल के दूरभाष क्रमांक 0755–2559943, 2671066 पर तत्काल सम्पर्क करे, जिससे समस्या का समाधान किया जा सके। आपके केन्द्र की चैकलिस्ट मय रोल नम्बर डाकेट "ख" मय रोल नम्बर एवं उपस्थिति पत्रक संकलन केन्द्र पर पृथक से स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे जा रहे हैं साथ ही चैकलिस्ट, डाकेट "ख" एवं उपत्र पत्रक म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद् की बेबसाइड **www.mpsos.nic.in** पर भी अपलोड किए जा रहे हैं विशेष परिस्थितियों में प्राप्त न होने पर नेट से डाउनलोड कर निर्धारित समय पर परीक्षा संपन्न करावें। आपको यह भी अवगत कराया जाता है कि, इस परीक्षा में उपयोग होने वाली उत्तर पुस्तिकाओं के कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं की एक समान हैं किन्तु दोनों परीक्षाओं हेतु उ.पु. के कबर पेज पर केन्द्राध्यक्ष की हस्ताक्षर वाली पदमुद्रा पृथक–पृथक निम्नानुसार लगाया जाना सुनिश्चित् करना अपना दायित्व है।

| हस्ता/सील<br>केन्द्राध्यक्ष<br>................वि. ........................जिला............<br>परीक्षा केन्द्र क्र. ........... हाईस्कूल परीक्षा 2014 | हस्ता/सील<br>केन्द्राध्यक्ष<br>...............वि. ..................जिला....................<br>परीक्षा केन्द्र क्र. ........... हायर सेकण्डरी परीक्षा 2014 |
|---|---|

परीक्षा केन्द्र में उत्तर पुस्तिका का लेखा –जोखा रखना आवश्यक है। उपयोग में आई एवं शेष रही उत्तर पुस्तिका की संख्या का मिलान निरीक्षण दल द्वारा अनिवार्य रूप से किया जावेगा। केन्द्राध्यक्ष द्वारा परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिका का पूर्ण लेखा म.प्र. राज्य ओपन स्कूल, भोपाल को अनिवार्य रुप से भेजा जावें। परीक्षा समाप्ति उपरांत शेष उत्तर पुस्तिका परीक्षा केन्द्र के विद्यालय पर सुरक्षित रखी जाना सुनिश्चित करें।

परीक्षा सामग्री प्राप्त कर उसकी संख्यात्मक पुष्टि उपरांत निम्नानुसार पावती लौटती डाक से भेजा जाना सुनिश्चित् करें साथ ही पावती की एक प्रति स्केन कर ई–मेल mpsos.exam@gmail.com पर भी भेजें।

संचालक
म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल

## पावती

कार्यालय, प्राचार्य शा. ...... उ.मा.वि. .............. जिला ................. म.प्र. राज्य ओपन स्कूल की नवम्बर–2014 परीक्षाओं के लिए मुख्य उत्तर पुस्तिका क्रमांक ....................... से ....................... तक कुल संख्या .................... एवं पूरक उत्तर पुस्तिका क्रमांक .......................... से ......................... तक कुल संख्या .................... प्राप्त हो चुकी है। प्राप्त उत्तर पुस्तिकाएं इन परीक्षाओं के लिए पर्याप्त है।
दिनांक........../ ............./2014

हस्ता. केन्द्राध्यक्ष
शा.उ.मा.वि. ............... जिला .............
परीक्षा केन्द्र क्र. ............. (परीक्षा 2014)

# म.प्र. राज्य ओपन स्कूल, भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755-2553546
Fax No. : 0755-2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक/एस.ओ.एस/परीक्षा/2014/1649 भोपाल, दिनांक 01/11/2014

प्रति,

समस्त कलेक्टर
मध्य प्रदेश

विषय : म.प्र. राज्य ओपन स्कूल, भोपाल द्वारा संचालित हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा नवम्बर 2014 की व्यवस्था।

कृपया मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित होने वाली हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा दिनांक 15 नवम्बर 2014 से प्रारंभ किये जाने हेतु समय सारणी जारी की गई है। जारी समय सारणी की प्रतियां सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित की जा रही है जिसकी एक प्रति आप को भी संलग्न कर प्रेषित है।

02. विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक संख्या में परीक्षार्थीयों का परीक्षा में बैठने की सम्भावना है। जिनकी संख्या पूरे प्रदेश में लगभग 2 लाख 08 हजार है। परीक्षार्थियों के मान से आपके अनुमोदन अनुसार जिलों में परीक्षा केन्द्र, मूल्यांकन केन्द्र/संकलन केन्द्र का निर्धारण किया गया जिसकी प्रति आप को पृथक से भेजी जा रही है। परीक्षा केन्द्रों पर प्राचार्य एवं वरिष्ठ व्याख्याताओं को ही परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के रूप में आप के माध्यम से नियुक्त किया जाना है। अपवाद स्वरूप यदि प्राचार्य अथवा वरिष्ठ व्याख्याता उपलब्ध नहीं हो तो ऐसी दशा में वहां किसी अन्य सक्षम व्याख्याता को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया जाना है। यह भी ध्यान देना होगा, कि नियुक्त केन्द्राध्यक्ष का उस परीक्षा केन्द्र पर उसका कोई पुत्र, पुत्री अथवा सगे संबंधी परीक्षा में सम्मिलित न हो रहे हो। इसके लिये संबंधित केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष से वचन पत्र भी प्राप्त करा लेवें। केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति अपने मार्गदर्शन अथवा स्वंय के माध्यम से कराते हुए, सूची एवं आदेश की प्रति दिनांक 08 नवम्बर 2014 तक कार्यालय, म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्, माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर, शिवाजी नगर, भोपाल को अनिवार्यतः भेजवाने का कष्ट करें।

03. परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा तिथि के लिए पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ती की जानी है। पर्यवेक्षको की नियुक्ति जिले में कार्यरत व्याख्याता/शिक्षकों/अध्यापक/संविदा संवर्ग में से किया जाना है। यह भी सुनिश्चित किया जाना है कि, पर्यवेक्षक की नियुक्ति सावधानी पूर्वक एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अनुरुप हो। जिस विषय का प्रश्न पत्र हो उस दिवस उसी विषय का व्याख्याता/शिक्षक/अध्यापक/संविदा संवर्ग पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त न किया जावे। नियुक्त पर्यवेक्षको से भी यह वचन पत्र लेना आवश्यक होगा कि, उनका कोई पुत्र, पुत्री अथवा संबंधी उस परीक्षा केन्द्र पर सम्मिलित नही हो रहा है।

04. परीक्षा सम्पन्न करने के लिये उत्तर पुस्तिका तथा अन्य सामग्री एवं गोपनीय सामग्री भारतीय डाक विभाग के NSPC (National Speed Post Centre) के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों को भेजी जा रही है। सामग्री प्राप्त करने हेतु परीक्षा केन्द्राध्यक्ष मुख्यालय में ही उपस्थित रहकर NSPC (National Speed Post Centre) के सम्पर्क में रहेंगे। सामग्री दिनांक12/11/2014 तक भेजी जावेगी। इस हेतु अपने स्तर से सभी केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित करना चाहेंगे, कि परीक्षा केन्द्राध्यक्ष मुख्यालय में उपस्थित रहकर सामग्री प्राप्त करें।

05. हाईस्कूल एवं हायर सेकणडरी स्कूल की परीक्षाओं परीक्षा में उपयोग की जाने वाली मुख्य एवं पूरक उत्तरपुस्तिका पर निम्नानुसार केन्द्राध्यक्ष की हस्ताक्षर सहित पदमुद्रा अंकित किया जाना अनिवार्य है। सील के अभाव में उत्तरपुस्तिका को अवैध मानते हुए उसका मूल्यांकन नहीं किया जावेगा। इस हेतु सभी केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित करना चाहेंगे।

| | |
|---|---|
| हस्ता/सील | हस्ता/सील |
| केन्द्राध्यक्ष | केन्द्राध्यक्ष |
| ................वि. ........................जिला........... | ...............वि. ..................जिला.................... |
| परीक्षा केन्द्र क्र. ........... हाईस्कूल परीक्षा 2014 | परीक्षा केन्द्र क्र. ........... हायर सेकण्डरी परीक्षा 2014 |

06. परीक्षा केन्द्रों पर पूर्व की ही भॉति सुरक्षा व्यवस्था भी आपके माध्यम से कराया जाना है चूॅकि म.प्र.राज्य ओपन स्कूल की जिला समिति के आप पदेन अध्यक्ष है। अतः ऐसी दशा में सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था आप द्वारा सुनिश्चित किया जाना है। अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य दिनांक 22/12/2014 से आपके अनुमोदन उपरांत बनाए गए मूल्यांकन केन्द्र पर प्रारंभ होकर दिनांक15/01/2015तक समाप्त होना है। मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन केन्द्राधिकारी/मूल्यांकन कर्ता परीक्षकों की नियुक्ति भी आपके मार्गदर्शन में की जाना है।

07. अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिका परीक्षा समाप्ति उपरांत संकलन केन्द्र पर संकलित की जाकर स्पीडपोस्ट के माध्यम से मूल्यांकन केन्द्रों तक भेजी जावेंगी इस कार्य हेतु संकलन केन्द्राधिकारी की नियुक्ति भी आपके मार्गदर्शन में की जाना है।

अतः आपसे निवेदन है कि राज्य स्तरीय इस परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों की उक्तानुसार सम्पूर्ण व्यवस्था अपने मार्गदर्शन में करवाने का कष्ट करें।

संचालक

म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्, भोपाल

पृ.क्र./एस.ओ.एस/पूरक परीक्षा/2014/1650 भोपाल, दिनांक 01/11/2014

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश भोपाल को भेजकर निवेदन है कि जिला शिक्षा अधिकारीयों तथा प्रचार्यो को आवश्यक निर्देश देना चाहेगें।
02. समस्त जिला पुलिस अधीक्षक, (मध्य प्रदेश), जिला ..........................................को सूचनार्थ एवं परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने हेतु सादर प्रेषित ।
03. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण मध्य प्रदेश। संभाग .................................. को भेजकर अनुरोध है कि परीक्षा की समुचित व्यवस्था एवं मानीटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित करें।
04. जिला शिक्षा अधिकारी, (समस्त) जिला ......................................को ओर भेजकर अनुरोध है कि आप अपने जिले के जिला कलेक्टर से सम्पर्क कर परीक्षा केन्द्राध्यक्षों/सहायक केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यविक्षको, संकलन केन्द्राधिकारी, मूल्यांकन केन्द्राध्यक्षों, मूल्यांकन कर्ताओं, प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु बाह्य परीक्षक की नियुक्ती तथा परीक्षा केन्द्र पर सम्पूर्ण व्यवस्था समय सीमा में कराने की कार्यवाही पूर्ण कराते हुऐ, दिनांक 08नवम्बर 2014तक प्रतिवेदन, म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद् भोपाल तथा अपने संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, को अनिवार्यतः प्रेषित करने का कष्ट करें।

संचालक

म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्, भोपाल

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद , भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 - 2559943
Fax No. : 0755 - 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक/ एस.ओ.एस./परीक्षा/2014/ 1654 भोपाल, दिनांक 01/11/2014

प्रति,

केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य,
शा. .................................................. उ.मा.वि.,
...................................................................
...................................................................
जिला .................................................. (म.प्र.)

विषय : परीक्षा केन्द्र निर्धारण बाबत्।

विषयान्तर्गत आपके अध्ययन केन्द/संस्थाशाला को 15 नवम्बर 2014से आयोजित होने वाली म.प्र. राज्य ओपन स्कूल, भोपाल की परीक्षाओं हेतु परीक्षा केन्द्र आवंटित किया गया है। आपके जिले के छात्र परीक्षार्थियों के हित में अपने अध्ययन केन्द्र से संबंधित सभी छात्रों को जानकारी देने हेतु, अपने शाला के सूचना पटल पर समय सारिणी चस्पा करें एवं परीक्षा संबंधी तैयारी पूर्ण कराये। इस परीक्षा से संबंधित विषय में आप किसी अपेक्षित जानकारी हेतु इस कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 0755-2559943, 2671066 पर सम्पर्क करें।

संलग्न : समय सारणी।

संचालक
म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा
परिषद्, भोपाल

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद , भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 - 2559943
Fax No. : 0755 - 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक/एस.ओ.एस./परीक्षा/2014/ 1658 भोपाल, दिनांक 03-11-2014

प्रति,

प्राचार्य एवं संकलन केन्द्र प्रभारी
शा.................................... उ.मा.वि.
.......................................................
जिला – ............................ (म.प्र.)

विषय : अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिका को मूल्यांकन हेतु संप्रेषण।

विषयान्तर्गत इस कार्यालय का पत्र दिनांक 01.11.2014 द्वारा आपकी शाला को संकलन केन्द्र बनाया गया है, तथा यह निद्रेश दिये गये हैं कि सील्ड बंडल मूल्यांकन केन्द्र तक पहुँचाने तक सुरक्षित रूप से स्ट्रांगरूम में रखें। मूल्यांकन हेतु उत्तरपुस्ताकाएँ स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजे जाने का निर्णय लिया गया है। स्पीडपोस्ट से उत्तरपुस्तिकाएँ दो चरणों में उठाई जायेंगी। प्रथम चरण दिनांक 15.12.2014 एवं द्वितीय चरण दिनांक 06.01.2015 को उठाई जानी है जिसके लिए स्पीडपोस्ट ऑफिस से अधिकारी/कर्मचारी स्वयं उत्तरपुस्तिकाएँ ले जायेंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि स्पीडपोस्ट ऑफिस से उत्तरपुस्तिकाएँ ले जाने हेतु उठाने हेतु उपस्थित डाक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी को अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का सील्ड बंडल सौंपना सुनिश्चित् करें।

संचालक
म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्, भोपाल

पृ.क्रमांक/एस.ओ.एस./परीक्षा/2014/ 1659 भोपाल, दिनांक 03-11-2014
प्रतिलिपि :–

जिला शिक्षा अधिकारी (समस्त) की ओर भेजकर अनुरोध है, कि संकलन केन्द्र अधिकारी को तत्काल उक्तानुसार कार्यवाही हेतु निर्देश देवें।

संचालक
म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्, भोपाल